हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 जुलाई 2026

06 आधी जुलाई बीत चुकी, जिले में सिर्फ 11.6 इंच...



09 स्टेट हाईवे से जल निकासी व्यवस्था बनाने को लेकर...





विधायक के निर्देश पर चलाया जा रहा अभियान

# नगर को स्वच्छ-सुंदर बनाने का अभियान चौक-चौराहों पर हो रही आकर्षक वॉल पेंटिंग

नपा द्वारा शहर को सुंदर और स्वच्छत बनाने के लिए आकर्षक वॉल पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है साथ अपील भी की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्षेत्रीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज के निर्देशन में नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव के नेतृत्व में स्वच्छता शाखा द्वारा धरातल पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जहाँ एक ओर शहर में काफी समय से जमा कचरे के ढेरों को हटाकर पूरी तरह सफाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर शहर को एक नया और आकर्षक स्वरूप देने का कार्य भी युद्ध स्तर पर जारी है।

### व्यापारियों और नागरिकों से नगर पालिका की अपील

*नगर पालिका प्रशासन ने शहर के समस्त व्यापारियों और आम नागरिकों से शहर हित में सहयोग की अपील की है:*

- अपनी दुकान या घर का कचरा सड़कों या नालियों न फेंके नपा की कचरा संग्रहण गाड़ियों में ही डालें।
- पर्यावरण की रक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें।
- सुगम यातायात और व्यवस्थित बाजार के लिए दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए।




### सुंदरता को बनाए रखें

नपा ने कहा कि चौक-चौराहों पर की जा रही सुंदर वाल पेंटिंग और शासकीय संपत्तियों को गंदा न होने दें।

### एंट्री पॉइंट्स और चौक-चौराहों पर सुंदर वॉल पेंटिंग

नेतृत्व और प्रशासन के साझा प्रयासों से शहर के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों (एंट्री पॉइंट्स) की सफाई और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही, शहर के मुख्य चौक-चौराहों को कलात्मक रूप देने के लिए आकर्षक वाल पेंटिंग (दीवारों पर चित्रकारी) कराई जा रही है। इन सुंदर चित्रों के माध्यम से जहाँ एक ओर शहर की दीवारें भव्य नजर आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर आमजन को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिल रहा है।

### ओवरब्रिज चमकाने के चक्कर में वार्डों की सफाई प्रभावित, वार्ड 8 में शनिवार को नहीं हुई सफाई



शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए ओवरब्रिज की सफाई पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन इसका असर अब वार्डों की नियमित सफाई व्यवस्था पर पड़ने लगा है। शनिवार को वार्ड क्रमांक 8 में एक भी सफाई कर्मचारी नहीं पहुंचा, जिससे पूरे वार्ड में सफाई कार्य नहीं हो सका और लोगों को गंदगी का सामना करना पड़ा। वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद ज्योति बाबरिया के प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया ने जब वार्ड मुकद्दम दिलीप घावरी से इस संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 8, 9 और 10 के सभी सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी सीएमओ के निर्देश पर ओवरब्रिज की सफाई में लगाई गई है। इसी कारण संबंधित वार्डों में नियमित सफाई कार्य प्रभावित हुआ। राजकुमार बाबरिया ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में नगर पालिका की सीएमओ सुरेखा जाटव से फोन पर चर्चा करने का प्रयास किया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें मैसेज के माध्यम से भी पूरी जानकारी भेजी गई, परंतु उसका भी कोई जवाब नहीं मिला।

### नगर साफ हो, जिसमें नागरिकों का साथ हो

मुख्य नगर पालिका अधिकारी का मुख्य उद्देश्य इटारसी को पूरी तरह स्वच्छ बनाना है। प्रशासन का मानना है कि ₹नगर साफ हो, जिसमें नागरिकों का साथ हो₹ के संकल्प से ही शहर को आदर्श स्वरूप दिया जा सकता है। जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान में अब जनता की भागीदारी को और मजबूत किया जा रहा है। साथ ही नगर पालिका द्वारा नागरिकों से सहयोग की अपील भी की जा रही है।

# पवन भदौरिया हत्याकांड के आरोपियों के निवास स्थल पर नपा ने चस्पा किए नोटिस

शहर में कानूनी और प्रशासनिक हलचल तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अनिकेत उर्फ पवन भदौरिया हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग के बीच नगर पालिका प्रशासन इटारसी ने कानूनी कदम उठाना शुरू कर दिया है।

नपा की टीम ने वार्ड 22/25 भगतसिंह नगर नाला मोहल्ला स्थित आरोपियों के निवास स्थल पर जाकर आधिकारिक नोटिस चस्पा कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद से ही शहर में कानूनी और प्रशासनिक हलचल बेहद तेज हो गई है।

### मप्र नपा अधिनियम के तहत थमाया नोटिस

चस्पा किए गए नोटिस से साफ है कि नगर पालिका प्रशासन ने यह कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रावधानों के तहत की है। नोटिस में मुख्य रूप से अधिनियमों का उल्लेख किया गया है।

### नपा अधिनियम 1961

इस अधिनियम की धाराओं में वर्णित प्रावधानों के तहत बिना अनुमति निर्माण को नियम विरुद्ध माना गया है।

### भूमि विकास अधिनियम

भूमि विकास अधिनियम की निर्धारित शर्तों के उल्लंघन को लेकर यह नोटिस जारी किया गया है।

### नोटिस में क्या लिखा है?

कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1143/भवन शा/नपाइ/2026 के अनुसार आपके द्वारा वार्ड 22/25 भगतसिंह नगर नाला मोहल्ला इटारसी स्थित बिना अनुमति के भवन का निर्माण कार्य किया गया है जो कि नियम विरुद्ध है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त भवन के निर्माण से संबंधित प्राप्त की भवन अनुज्ञा/अनुमति एवं भवन भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेज 24 घंटे में इस कार्यालय में सक्षम अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। आज 24 घंटे पूरे हो रहे हैं।

### कार्रवाई की चेतावनी

मुख्य नगरपालिका अधिकारी की ओर से जारी इस नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि दी गई 24 घंटे की समयसीमा के भीतर वैध दस्तावेज पेश नहीं किए जाते हैं, तो संबंधितों के विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम 1961 और भूमि विकास अधिनियम के तहत आगे की कड़ी वैधानिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी समस्त जवाबदारी खुद गृहस्वामी की होगी।

### अफवाहों पर विराम

नोटिस की भाषा से यह पूरी तरह साफ हो गया है कि इसमें फिलहाल मकान तोडने या बुलडोजर चलाने जैसी किसी कार्रवाई का सीधा उल्लेख नहीं है। यह सिर्फ एक वैधानिक कारण बताओ नोटिस है, जिसमें बिना अनुमति निर्माण पर 24 घंटे में जवाब और स्वामित्व के दस्तावेज मांगे गए हैं। अब देखना यह है कि समयसीमा बीतने के बाद नपा प्रशासन का अगला कदम क्या होता है।

# भेदभाव के खिलाफ रेलवे इंजीनियरिंग कर्मचारियों का एडीईएन कार्यालय पर प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी में इंजीनियरिंग कर्मचारियों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं और रेलवे प्रशासन के कथित भेदभावपूर्ण रवैये के खिलाफ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन और द्वार सभा का आयोजन किया। यूनियन नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ और भेदभाव बंद नहीं किया गया, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। इस विरोध प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार, जोनल उपाध्यक्ष रामस्वरूप महतो, मुख्य शाखा सचिव दीपक कुमार, अध्यक्ष गोलू मेना, सज्जन यादव, नितेश देवडे सहित सैकड़ों कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# परीक्षा हॉल में कलम से खूनी खेल, एक छात्र गंभीर रूप से घायल, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

परीक्षा हॉल में जिस कलम (पेन) का इस्तेमाल छात्र अपने भविष्य को संवारने और उत्तर पुस्तिकाओं को भरने के लिए करते हैं, शनिवार को उसी कलम ने एक छात्र का खून बहा दिया। मामला सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज का है, जहां सिर्फ सीट पर बैठने जैसी मामूली बात ने एक हिंसक रूप ले लिया और खूनी संघर्ष हो गया। इस हमले में एक छात्र की आंख और हाथ पर गंभीर चोटें आई हैं।

### क्या था पूरा मामला?

शनिवार को कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक्स विषय के प्रथम वर्ष की प्रैक्टिकल परीक्षा होनी थी। परीक्षा हॉल के भीतर छात्र अपने-अपने रोल नंबर के अनुसार सीटों पर बैठ रहे थे। इसी दौरान 21 वर्षीय छात्र पीयूष और निखिल व उसके साथियों के बीच सीट पर बैठने को लेकर बहस शुरू हो गई। शुरुआत में मामूली दिखने वाली यह कहासुनी कुछ ही पलों में गाली-गलौज में बदल गई। विवाद इतना बढ़ा कि निखिल और उसके साथियों ने आव देखा न ताव और पीयूष पर पास में ही रखे पेन से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमलावरों ने पेन को ही हथियार बना लिया। पीयूष की आंख के पास और हाथ पर पेन से गहरे वार किए गए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। परीक्षा हॉल में अचानक हुई इस हिंसा से कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन तुरंत हरकत में आया। खून से लथपथ पीयूष को शिक्षकों ने संभाला और एक चार पहिया वाहन से फौरन इटारसी थाने लेकर पहुंचे। जैसे ही घटना की खबर पीयूष के माता-पिता को मिली, वे भी बदहवास हालत में थाने पहुंच गए। इटारसी पुलिस ने बिना वक्त गंवाए घायल छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। पीड़ित पीयूष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी निखिल और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है

# श्री गौड़ ब्राह्मण मालवीय समाज ने गुरुकुल में कराया भोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल की समस्त पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को जमानी गुरुकुल में जाकर समस्त बच्चों को भोजन करवाया एवं बच्चों के साथ समय बिताया, उनसे जरूरत की चर्चा की एवं वृक्षा रोपण किया। महिला मंडल वृक्षा रोपण एक वृक्ष प्रकृति के नाम कार्य निरंतर करते रहेगी यह संकल्प भी लिया। जिसमें अध्यक्ष अर्चना मालवीय, सचिव किरण मालवीय संरक्षक भारती मालवीय ममता मालवीय, प्रभा मालवीय सलाहकार अर्चना मालवीय, निर्मला मालवीय, उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, ललिता मालवीय, संगठन मंत्री हीरा मालवीय ने मुख्य रूप से सहयोग किया।

# साइबर ठगी करने वाले 2 आरोपी केरल और मुंबई से गिरफ्तार

कपड़े बुकिंग के नाम पर 99 हजार की साइबर की थी ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ऑनलाइन शॉपिंग और कस्टमर केयर के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राज्यीय सायबर ठगों के खिलाफ थाना देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों की मदद से केरल और मुंबई में दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

### खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 मार्च 2026 को रसूलिया, नर्मदापुरम निवासी फरियादिया रूबी फौजदार पति निर्वेश फौजदार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 18 मार्च 2026 को उन्होंने कंपनी से कपड़े बुक करने के लिए फोन पे के माध्यम से 9,000 रुपये का भुगतान किया था। बुकिंग कंफर्म हुई या नहीं, इसकी जानकारी लेने के लिए जब फरियादिया ने इंटरनेट से खोजकर



कस्टमर केयर नंबर पर बात की, तो सामने वाले मोबाइल धारक ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताया। शातिर ठग ने कपड़े बुकिंग की राशि वापस करने का झांसा देकर फरियादिया के बैंक खाते से कुल 99,000 रुपये की राशि उड़ा ली और धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देहात पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं एसडीओपी जितेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में थाना देहात से एक विशेष पुलिस टीम का गठन कर दीगर प्रांतों के लिए रवाना किया। सायबर सेल नर्मदापुरम की मदद से जब बैंक खातों के ट्रांजैक्शन और तकनीकी साक्ष्य खंगाले गए, तो आरोपियों की लोकेशन केरल और महाराष्ट्र में पाई गई। पुलिस टीम ने सबसे पहले बटकारा (केरल) से संदेही खाताधारक विकास बाथम पिता सौवरन बाथम, निवासी ग्राम देवरीकला, थाना बेलगढ़, जिला ग्वालियर को हिरासत में लिया। पूछताछ में विकास ने अपने सहयोगी दीपक रावत पिता गब्बर सिंह, निवासी ग्राम देवरीकला, थाना बेलगढ़, जिला ग्वालियर का नाम उगला। दीपक वर्तमान में मुंबई के विजय नगर औद्योगिक क्षेत्र महाराष्ट्र में चौकीदारी का काम कर रहा था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबिश देकर दीपक रावत को भी मुंबई से अभिरक्षा में ले लिया।

# पुलिस ने स्कूली बच्चों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल, बांदरी में पुलिस द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथरौटा थाना प्रभारी मोनिका गौर ने छात्र-छात्राओं को नशे के गंभीर नुकसानों के बारे में बताया और उन्हें जीवन भर नशा न करने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा थोटा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत बच्चों को मदद के लिए ड्रग्स हेल्पलाइन नंबर 1933 और पुलिस हेल्पलाइन 112 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य रामकुमार कुर्मी सहित अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

भगवान शिव और ब्रह्म से जुड़ी है कथा

# आधी रात खिला दुर्लभ ब्रह्मकमल, देखने के लिए उमड़े लोग, अपने कैमरों में किया कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की द ग्रैण्ड एवेन्यू कॉलोनी में बीती रात एक बेहद दुर्लभ और अलौकिक नजारा देखने को मिला। यहां रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार विनीत चौकसे के निवास पर देवपुष्प कहे जाने वाले 'ब्रह्मकमल' के दो फूल एक साथ पूरी भव्यता के साथ खिले। इस दुर्लभ और मनमोहक दृश्य को देखने और कैमरे में कैद करने के लिए लोग बेहद उत्सुक नजर आए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बह्मकमल का खिलना और इसे साक्षात देखना अत्यंत सौभाग्यशाली और मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला माना जाता है। शिव और बह्मा जी से जुड़ा है इस दिव्य पुष्प का नाता हिंदू पौराणिक कथाओं



और सनातन परंपरा में ब्रह्मकमल को बेहद खास और चमत्कारी स्थान प्राप्त है।

### सृष्टि के रचयिता की रचना

माना जाता है कि इस पावन फूल की रचना स्वयं सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्म ने की थी, इसी वजह से इसका नाम 'ब्रह्मकमल' पड़ा।

### भगवान गणेश को मिला जीवनदान

ऐसी मान्यता है कि जब भगवान शिव ने श्री गणेश का शीष काटा था, तब इसी ब्रह्मकमल पुष्प से जल छिड़क कर उन्होंने गजवदन बाल गणेश को पुनर्जीवित किया था।

### टपकता है अमृत

इस फूल को लेकर यह भी अटूट विश्वास है कि खिलने के दौरान इसकी पंखुडियों से अमृत की बूंदें टपकती हैं। बह्मकमल न सिर्फ धार्मिक बल्कि वानस्पतिक दृष्टिकोण से भी बेहद अनूठा है। आमतौर पर यह हिमालय की दुर्गम पहाडियों और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाया जाता है।

### इटारसी के बालिका गृह बालिका गुमशुदगी मामले में एफाईआर दर्ज

इटारसी। नर्मदापुरम जिले के इटारसी से एक बालिका गृह से तीन साल में पांच नाबालिग लड़कियों के लापता होने का मामला सामने आया है। मामले में शुक्रवार रात इटारसी थाने में गुमशुदगी और अपहरण की पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। संस्था की केयर टेकर रानी सिंह राजपूत ने पुलिस को आवेदन दिया है। इसके अनुसार, तीन साल के दौरान इस बालिका गृह से अलग-अलग समय पर लड़कियां गायब हुई हैं। थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे ने कहा कि मुझे शिकायत प्राप्त हुई जिस पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में छानबीन की जा रही है। जांच के बाद ही खुलासा किया जा सकेगा।



# शहर में चले चाकू, युवक घायल, थाने में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी के बाद अब जिला मुख्यालय में भी चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। कोतवाली थाने से 300 मीटर दूर शहर के बीच बाजार, अमर चौक पर शुक्रवार रात शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना से सनसनी फैल गई। खून से लथपथ हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। देर रात को पुलिस ने केस दर्ज किया। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करने वाले अरमान खान निवासी जुमेराती रात 9 बजे दोस्त अल्फेज के साथ राजू टी स्टॉल पर चाय पी रहे थे। तभी वहां खड़े शेख इमरान उर्फ रानू निवासी फूटा कुंआ ने शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए मांगे। अरमान के मना करने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा



और जेब से चाकू निकालकर हमला कर दिया। हमले में अरमान के पेट और उल्टे हाथ के अंगूठे पर चोट आई। खून तेजी से बहने लगा। साथियों ने उसे पहले कोतवाली थाना ले गए, जहां से पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात 11.15 बजे एसआई अनुज बघेल ने अस्पताल में घायल के बयान लिए। इसके बाद आरोपी शेख इमरान के खिलाफ अड़ीबाजी और हमले का केस दर्ज किया गया। टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने बताया घायल की हालत सामान्य है। आरोपी की तलाश में टीम लगी है।

# पीएम श्री कन्या शाला में हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार, इटारसी के सूरजगंज स्थित पीएम श्री शासकीय कन्याशाला में शनिवार को गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर छात्राओं के बीच 'मेरे जीवन में गुरु का महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कक्षा 12वीं की छात्रा दिव्यांशी लोवंशी और मुस्कान केवट ने अपने प्रभावशाली भाषण से गुरु की महिमा बताई, जबकि संगीत शिक्षिका सुश्री इशिता जिजोतिया ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार सोनिया ने बताया कि इस पखवाड़े का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया था। कार्यक्रम में शिक्षक महेश मालवीय, विनोद दुबे, ओपी तिवारी, रिमी सिंह सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### आयुष विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**बैतूल।** कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुष विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिला आयुर्वेद चिकित्सालय और रोगी कल्याण समिति से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पंचकर्म, शल्य तंत्र एवं शालाक्य तंत्र में होने वाली प्रक्रियाओं की दरें निर्धारित करने, चिकित्सालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा आयुष विंग की नई रोगी कल्याण समिति के गठन को स्वीकृति दी गई। बैठक में देवारण्य योजना एवं जिला आयुष मिशन सोसायटी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने आयुष विभाग की कार्यप्रणाली पर आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि वे स्वयं जिले की सभी आयुष संस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। बैठक में जिला पंचायत, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जनसंपर्क कार्यालय तथा रोगी कल्याण समिति के प्रतिनिधि सदस्य उपस्थित रहे। आयुष विभाग की ओर से जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के नेतृत्व में डॉ. प्रियंका उइके, डॉ. रीना चौकीकर, डॉ. मनक धुर्वे, डॉ. विजय तांडिलकर और डॉ. निधि मालवी मौजूद रहीं।

### नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बैतूल।** बोरदेही पुलिस ने नाबालिक से छेड़छाड़ के एक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। नाबालिक पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बोरदेही में आरोपी कैलाश अहाके पिता दामजी अहाके उम्र 34 साल निवासी ग्राम नि. चिखलार थाना बोरदेही के विरुद्ध धारा 74,75(2) ,7/8 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी फरार होने की फिराक में है। इस पर बोरदेही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम चिखलार से आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया। इसके पश्चात विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी बोरदेही निरीक्षक राधेश्याम वट्टी , उप निरीक्षक पंचम सिंह उइके, उप निरीक्षक मोनिका पटले महिला आरक्षक आरती पवार, आरक्षक भगवान जावरे एवं महिला सैनिक भारती सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 19 जुलाई को हरिद्वार ऋषिकेश के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन

**बैतूल।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा का आयोजन 19 जुलाई से 22 जुलाई तक किया जा रहा है। इस यात्रा के लिए बैतूल जिले से कुल 260 यात्रियों का चयन किया गया है। यात्रा का शुभारंभ बैतूल जिले से होने के कारण यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए 1 चिकित्सक, 5 आरक्षक एवं 5 अनुरक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की विशेष ट्रेन 19 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे बैतूल रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इस यात्रा में बैतूल जिले के अलावा नर्मदापुरम एवं सागर जिले के यात्री भी सहभागी होंगे।

### बिजली विभाग की मनमानी से लोग परेशान

**शाहपुर।** शाहपुर में 11केव्ही लाइन के विस्तारीकरण के कारण नागरिक परेशान है। बिजली विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में 11 केव्ही का कार्य करते समय 2 घंटे लाइट काटने की सूचना दी जाती है, परंतु लाइट तीन से चार घंटे के लिए काट ली जाती है। शनिवार को दोपहर 1 बजे से बिजली बंद की गई थी, लगभग 4 बजे तक भी लाइट चालू नहीं की गई। गलत जानकारी देने और मनमानी से नागरिकों में रोष है। विद्युत प्रदाय के संबंध में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल शाहपुर के अधिकारी को फोन लगाया गया, तो उन्हें फोन नहीं लगा। जानकारी मिली कि वे फील्ड में गए हैं। क्षेत्र में इतनी अधिक विद्युत कटौती की जा रही है कि व्यापारी के रोजगार पर भी असर हो रहा है।

### बारिश नहीं होने से खेतों की नमी हो रही खत्म, फसलों पर संकट

# आधी जुलाई बीत चुकी, जिले में सिर्फ 11.6 इंच बारिश, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मानसून की दस्तक के बाद, बादलों की बेरुखी ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। जुलाई का आधा महीना बीत चुका है, लेकिन झमाझम बारिश का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। जबकि पिछले वर्ष जुलाई मानसून सीजन का सबसे अधिक बारिश वाला महीना साबित हुआ था। इस दौरान जिले में 377.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, जिससे खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिल गई थी, लेकिन इस वर्ष हालात पूरी तरह विपरीत हैं।

मानसून की देरी से दस्तक और जुलाई में लंबे ब्रेक के कारण अब तक जिले में केवल 294 मिमी बारिश ही दर्ज हुई है, जो जिले की 1083.9 मिमी औसत वार्षिक वर्षा का मात्र 26.78 प्रतिशत है। यानी सामान्य वर्षा के मुकाबले जिले में अभी 793 मिमी (73.22 प्रतिशत) बारिश की जरूरत है। जिले में बारिश पर ब्रेक के कारण कई इलाकों में बोवनी का काम अटक गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, इस बार मानसून की ट्रफ लाइन की स्थिति अनुकूल नहीं है। नमी नहीं पहुंच पा रही है। लोकल सिस्टम सक्रिय नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़ गया है। इसी कारण यह स्थिति बनी है। हालांकि,

| ब्लॉक | बारिश |
|---|---|
| बैतूल | 203.0 |
| घोड़ाडोंगरी | 367.0 |
| चिचोली | 430.9 |
| शाहपुर | 258.8 |
| मुलताई | 315.4 |
| प्रभातपट्टन | 287.6 |
| आमला | 277.0 |
| भैंसदेही | 306.0 |
| आठनेर | 220.0 |
| भीमपुर | 236.0 |
| कुल | 290.2 |

(आंकडे मिमी में हैं)



बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। इसके अगले 4 से 5 दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। यदि तब भी बारिश नहीं होती, तो जिले में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

#### बारिश न होने से खेतों में नमी हो रही कम

बारिश नहीं होने से खेतों में नमी की कमी होने लगी है। इससे खरीफ फसलों की बोवनी भी प्रभावित हो रही है। खेतों में नमी बनाये रखने के लिए किसानों को मजबूरी में कुएं एवं ट्यूबवेलों से पानी देना पड़ रहा है। कुछ किसान स्प्रिंकलर से भी खरीफ फसलों को पानी दे रहे हैं। इस समय पानी की सबसे अधिक आवश्यकता धान की फसल को है। किसान कुएं से पानी देकर धान की क्यारी भर रहे हैं। जिन किसानों के कुएं, ट्यूबवेल गर्मी में सूख गए थे, वे बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मानसून ब्रेक से किसानों की मुश्किल बढ़ गई है, यदि आने वाले एक-दो दिनों में बारिश नहीं हुई तो खरीफ फसलों को बचाना मुश्किल हो जाएगा।

#### फसल पर असर...

बारिश थमने से खरीफ फसल पर असर पड़ रहा है। फसलों की बढ़वार रूक गई है। किसानों को सलाह है कि वे खरपतवार प्रबंधन जरूर करें। जिन किसानों के खेतों में बुआई के बाद फसल अंकुरित नहीं हुई है या 50 प्रतिशत से कम अंकुरण है, तो वह दूसरी फसल की तैयारी करें। कम अवधि वाली फसल की 15 अगस्त तक बुआई कर सकते हैं।

\- **आरडी बारपेटे,** कृषि वैज्ञानिक, बैतूल

#### बूंदाबांदी, लेकिन इतनी बारिश नहीं की बढ़ सके आंकड़ा

*जिले में मानसून की लेट एंट्री के बावजूद जून माह के अंतिम सप्ताह और जुलाई माह के पहले सप्ताह में झमाझम बारिश हुई थी। 7 से 8 जुलाई सुबह 8 बजे तक जिले के सभी स्थानों पर बारिश हुई थी। 8 जुलाई की सुबह 8 बजे तक जिले में औसत 11.6 इंच बारिश हो चुकी थी। इसके बाद बारिश का दौर थम गया। 8 जुलाई के बाद इक्का-दुक्का स्थानों को छोड़ दें तो जिले में कहीं भी बारिश नहीं हुई है। हालांकि कहीं-कहीं बूंदाबांदी जरूर हुई है, लेकिन इतनी बारिश नहीं हुई कि बारिश का आंकड़ा बढ़ जाए। इधर बारिश नहीं होने से तापमान भी बढ़ गया है। खेतों की नमी गायब हो गई है। खेत सूखने लगे हैं। किसानों द्वारा धान, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली सहित अन्य सभी खरीफ फसलों की बोवनी कर दी गई थी। फसलें उग भी गई है, लेकिन अंकुरण के बाद पानी नहीं मिलने से फसलों में ग्रोथ नहीं हो रही है। किसानों ने निंदाई भी करवा ली, वहीं खाद डालने की तैयारी कर ली है। पानी नहीं मिलने से फसलें मुरझाने लगी हैं।*

#### कुएं-ट्यूबवेल से पानी देकर बचा रहे फसलें

*बारिश की बेरूखी के बाद अब किसानों ने कुएं और ट्यूबवेल से पानी देना शुरू कर दिया है। किसान धान की क्यारी भरने ट्यूबवेल और कुएं से पानी दे रहे हैं। वहीं, कुछ किसान मक्का, सोयाबीन और धान में स्प्रिंकलर से पानी दे रहे हैं। किसान अब्बूलाल ने बताया कि जिन किसानों के कुएं और बोर में पानी है, वे फसल बचाने पानी दे रहे हैं। यदि धान की फसल को पानी नहीं मिला तो पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी। किसान अजय विश्नोई ने बताया कि उनके खेत के सभी जल स्रोत गर्मी में ही सूख गए हैं। पिछले दिनों हुई बारिश से कुछ पानी जमा हुआ था, वह भी सूख गया है। ऐसे में अब खरीफ फसल बचाने बारिश का ही सहारा है। अधिकतर किसानों ने खरीफ फसलों की बोवनी पूरी कर ली है। फसलें उग भी गई है, लेकिन बारिश के लंबे ब्रेक से अब फसलें सूखने की कगार पर आ गई हैं।*

### ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से हादसा

## ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसा युवक, आरपीएफ के जवान ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात बड़ा हादसा होने से टल गया। प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हो रही यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस में चढने की कोशिश कर रहा एक युवक अचानक फिसल गया और ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच गिरने लगा। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया और उसकी जान बचा ली। पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 12.57 बजे ट्रेन नंबर 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस बैतूल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से रवाना हो रही थी। इस दौरान कुछ यात्री जल्दबाजी में चलती ट्रेन में चढने का प्रयास कर रहे थे। इसी बीच एक युवक का पैर अचानक फिसल गया और वह संतुलन खोकर प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिरने लगा। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ के प्रधान आरक्षक कुलवंत की नजर जैसे ही युवक पर पड़ी, उन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत दौड़ लगा दी। जवान ने अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए युवक को मजबूती से पकड़ लिया और पूरी ताकत लगाकर उसे ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच जाने से बचा लिया। आरपीएफ जवान की इस त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया और युवक की जान बच गई। मौके पर मौजूद यात्रियों ने भी जवान की सतर्कता की सराहना की।

#### मेडिकल जांच कराने की सलाह

घटना के तुरंत बाद ट्रेन के गार्ड उमेश कुमार ने प्रेशर ड्रॉप कर ट्रेन को रुकवा दिया। इसके बाद आरपीएफ जवानों ने युवक से पूछताछ की और उसकी स्थिति की जानकारी ली। युवक ने बताया कि उसे केवल मामूली खरोंच आई हैं। आरपीएफ ने युवक को मेडिकल जांच कराने की सलाह दी, लेकिन उसने उपचार कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसकी सुरक्षा को देखते हुए आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। आरपीएफ के अनुसार, युवक की पहचान आकाश जाटव (24) पुत्र देवीराम जाटव निवासी ग्राम बैरागढ़, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के रूप में हुई है। युवक ने बताया कि वह गोरखपुर जाने के लिए ट्रेन में सवार हो रहा था।आरपीएफ ने उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उसे दोबारा ट्रेन में बैठाया। इसके बाद यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस को आगे की यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया।

## सराफा व्यवसाय संगठन ने दिए 70 हजार, लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सराफा व्यवसाय संगठन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। पुलिस एवं व्यापारियों के आपसी सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए संगठन ने कोठी बाजार स्थित सराफा बाजार में आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया। सराफा व्यवसाय संगठन के अध्यक्ष अरुण गोठी एवं संगठन के पदाधिकारियों ने थाना कोतवाली बैतूल पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने वाली कंपनी के नाम 70,000 का चेक थाना प्रभारी को सौंपा। यह राशि सराफा बाजार एवं आसपास के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए प्रदान की गई है। नए सीसीटीवी कैमरों से सराफा बाजार, कोठी बाजार एवं आसपास की गलियों में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। इससे चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के साथ-साथ अपराधों के त्वरित अनावरण में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। अनुभागीय अधिकारी पुलिस अन्नपूर्णा सिरसाम ने सराफा व्यवसाय संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस-जनता सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया तथा अन्य व्यापारिक संगठनों से भी अपने-अपने क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में इसी प्रकार सहयोग करने की अपील की। इस अवसर अरुण गोठी (अध्यक्ष, सराफा व्यवसाय संगठन) नवीन तातेड़, प्रशांत मरोठी, श्रीकांत अग्रवाल, दिनेश कांटा, प्रफुल्ल गोठी सहित सराफा व्यवसाय संगठन के अन्य सदस्य एवं व्यापारीगण उपस्थित थे।

### जनगणना-2027 अंतर्गत जिला जनगणना हस्त पुस्तिका के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ

**बैतूल।** जनगणना-2027 के अंतर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार किए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशन तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी वंदना जाट के मार्गदर्शन में ग्राम एवं नगर निर्देशिका संबंधी आंकड़ों के संकलन, संचयन तथा डीसीएचबी पोर्टल संचालन एवं उपयोग संबंधी अलग-अलग चार्जों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 17 जुलाई से प्रारंभ है। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि यह प्रशिक्षण आगामी 28 जुलाई 2026 तक पीएमश्री शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल में निर्धारित विभिन्न बैचों में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश भोपाल से आए प्रशिक्षक श्री भरतलाल गौर एवं सुश्री शालिनी वर्मा द्वारा जिले के समस्त ग्रामीण एवं नगरीय चार्ज अधिकारियों तथा उनके द्वारा नामित क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की बैतूल तहसील कार्यकारिणी गठित, रमेश कुमार बने अध्यक्ष

### सर्वसम्मति से बनी नई कार्यकारिणी, वरिष्ठ पेंशनर्स रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बैतूल की तहसील शाखा बैतूल की प्रबंध कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी में रमेश कुमार वर्मा को तहसील अध्यक्ष, बी.आर. सरटकर एवं शिवपाल इंगर को उपाध्यक्ष, भास्कर राव मानकर को सचिव, अविनाश देशमुख को संयुक्त सचिव तथा राजेंद्र जोशी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

सदस्य के रूप में प्रदीप वर्मा, सुरेश कुमार हजारे, सुरेश कुमार पांसे, सैयद सज्जाद अली, मुन्नालाल परिहार और साहबलाल रावत को शामिल किया गया। इस अवसर पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा बैतूल ने सेवानिवृत्ति के बाद 26 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई में हाईकोर्ट से प्रमोशन का फैसला अपने पक्ष में कराने वाले 88 वर्षीय वरिष्ठ पेंशनर नरेंद्र कुमार नेपाली का उनके निवास पहुंचकर फूलमाला, श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मान किया। सम्मान के दौरान नरेंद्र कुमार नेपाली भावुक हो गए और उन्होंने अपने लंबे संघर्ष के अनुभव साझा किए। सम्मान समारोह में उत्तमराव ठाकरे, गणेशाराम मालवी, अनेकराव गायकवाड़, दीपक जैन, नारायण राव झोड़, विनोद कुमार राठौर, भास्कर राव मानकर, के.के. झेंडे, रमेश कुमार वर्मा, प्रदीप वर्मा, साहबलाल रावत, बी.आर. सरटकर, एम.एल. परिहार और सुरेश कुमार राठौर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हरिश चौधरी और उमंग सिंघार पहुंचे बैतूल

### कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में हुए शामिल



**बैतूल।** जैन दादावाड़ी में चल रहे कांग्रेस के दो दिवसीय संगठन सृजन कार्यक्रम के प्रशिक्षण कार्यक्रम के आखिरी दिन मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरिश चौधरी और प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंघार कार्यक्रम में शामिल होने बैतूल पहुंचे। दोनों नेताओं का भारत भारती में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके पश्चात वे जैन दादावाड़ी पहुंचे और प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। विधानसभा चुनाव के पहले से कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को कांग्रेस की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को जनता से जुड़े मुद्दे उठाने और उनकी आवाज बनने की बात कही।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

## जोखिमों और फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 18 जुलाई को जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उप संचालक कृषि राम गोपाल रजक ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों को जागरूक करना एवं कृषकों को प्राकृतिक कारणों से होने वाले जोखिमों की जानकारी के बारे में बताना एवं व्यक्तिगत क्षति की भरपाई के लिए किस-किस तरीके से सूचनाओं को कैसे दर्ज करते हैं एवं सर्वे कैसे किया जाता है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि बैतूल जिले में खरीफ मौसम 2026 कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल बीमा करवा कर जोखिमों एवं फसल बीमा के हित लाभ के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिए कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि सोयाबीन के लिए 850 रुपए, मक्का 722 रुपए, धान सिंचित के लिए 838 रुपए, धान असिंचित 660 रुपए तथा अरहर के लिए 740 रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई हैं। फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने के इच्छुक किसान अपनी निकटतम बैंक शाखा सहकारी समिति अधिकृत चैनल एवं जन सेवा केंद्र सीएससी एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर योजना से जुड़ सकते है। अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए आवश्यक दस्तावेज बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, भू अधिकार दस्तावेज एवं बटाईदार किसान या किराए पर ली गई भूमि के लिए भूमि मालिक द्वारा शपथ पत्र दिया जाना अनिवार्य है। इस कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, दीपक कपूर, भोला खंडेलवाल, कृषि स्थाई समिति सभापति माधोराव नानकर, जनपद सदस्य मुलताई दिलीप पाटेकर, उप संचालक कृषि राम गोपाल रजक, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक आर.डी. बारपेटे, नाबार्ड बैंक जिला प्रबंधक राहुल कुशवाहा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक नीता निगम एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस जिला प्रबंधक राकेश कुमार बेरवा एवं कृषक उपस्थित थे।

### इस्कॉन टेंपल के संयुक्त तत्वावधान में हुआ यात्रा का आयोजन

## मानसरोवर द स्कूल में निकली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मानसरोवर द स्कूल और एइस्कॉन टेंपल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन स्कूल परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों और प्रबंधन ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा और भगवान जगन्नाथ के जयघोष लगातार गूंजते रहे। रथ यात्रा का आयोजन इस्कॉन टेंपल से पधारे राहुल कुशवाह के



मार्गदर्शन में किया गया। भगवान जगन्नाथ पुरी की विश्वविख्यात रथ यात्रा की परंपरा से प्रेरित होकर विद्यालय परिसर में विधि-विधान के साथ रथ यात्रा निकाली गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और मानसरोवर द स्कूल के प्रबंधन ने श्रद्धापूर्वक भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विनय सिंह चौहान, डॉ. पुष्पलता साबले, प्राचार्य एस. वी. चंद्रशेखर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर रथ यात्रा में भाग लिया तथा धार्मिक परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। चेयरमैन डॉ. विनय सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा ओडिशा के पुरी धाम में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के भव्य रथों के साथ निकाली जाती है। मान्यता है कि रथ यात्रा के दौरान भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं और उनके दर्शन करने तथा रथ खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। यह यात्रा सामाजिक समरसता, सेवा और भक्ति का संदेश देती है, क्योंकि इसमें जाति, वर्ग और धर्म का भेदभाव नहीं होता तथा हर व्यक्ति भगवान के रथ को खींचने का अवसर प्राप्त करता है। इसी परंपरा से प्रेरित होकर विद्यालय प्रबंधन ने रथ यात्रा निकाली।

## तकनीकी समस्या के कारण ई अटेंडेंस नहीं होती है तो वेतन नहीं कटेगा : पूनम वरकड़े

### मप्र शिक्षक संघ ने 3 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** मप्र शिक्षक संघ ने शिक्षकों की 3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी पूनम वरकड़े को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप गीते ने बताया कि जिले में कार्यरत प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, उच्च श्रेणी और सहायक शिक्षकों के 12 वर्ष, 24 वर्ष, 30 वर्ष, 35 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत शेष रहे लोक सेवकों के क्रमोन्नति आदेश एवं 10 वर्ष, 20 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत शेष रहे लोक सेवकों के समयमान वेतनमान स्वीकृति के आदेश जारी नहीं हुए हैं, उन्हें जारी किए जाएं। तहसील अध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा कि शासन के आदेशानुसार जिले मे कार्यरत शिक्षको के पदोन्नति आदेश शीघ्र जारी किए जाने एवं पदोन्नति हेतु विषयवार छूटे हुए पात्र शिक्षकों के नाम शामिल किये जाना चाहिए। ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में कार्यरत शिक्षको का ई-अटेंडेंस लगाने मे आ रही तकनीकी समस्या का निराकरण करने के लिए शासन के आदेशानुसार जिले में समिति गठित की जाए एवं समिति द्वारा निर्णय के उपरांत ही शिक्षकों का वेतन काटने की कार्यवाही की जाए। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया की तकनीकी समस्या के कारण शिक्षक का ई-अटेंडेंस लगाने में कोई समस्या आती है तो शिक्षक का वेतन नहीं कटेगा। इस अवसर पर संघ के बीआर ठाकरे, उमेश शर्मा, धनजय धाड़से गौरव मानकर, कृष्णा खांडागले, शंकर धोटे, जयश्री कवडकर सहित संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# सिवनीमालवा में पक्षकारों की सुविधा के लिए आयोजित की विशेष लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर और प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन और मार्गदर्शन मे आज न्यायालय मे चेक बाऊन्स मामलो के लिए धारा 138 नेगोशिएबल एक्ट की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसका उद्देश्य पक्षकारो के बींच चल रहे चेक बाउंस के मामलो मे आपसी राजीनामा के बाद समझौता के आधार पर प्रकरण समाप्त किये जाना है। न्यायाधीश डेहरिया ने कहा कि इस लोक अदालत से पक्षकारो को उनके प्रकरणो से निजात मिल सकेगी। न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने लोक अदालत का शुभारंभ माँ सरस्वती और गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण और पूजन कर किया। धारा 138 के निराकरण के लिए लगायी गयी इस विशेष लोक अदालत मे न्यायालय मे विचाराधीन 14 मामलो मे पक्षकारो के मध्य हुए आपसी राजीनामा के बाद कुल 36 लाख 37 हजार 4 सो 91 रुपये की कुल राशि पक्षकारो को आपस मे दिलाई गयी।

### मिलेगी प्रकरणो से निजात

न्यायाधीश डेहरिया ने कहा कि इस लोक अदालत से पक्षकारो को उनके प्रकरणो से निजात मिल सकेगी साथ ही चेक बाउंस के मामलों का निराकरण में तेजी आयेगी। न्यायाधीश डेहरिया ने कहा कि लोक अदालतो के माध्यम से समाप्त किये गये प्रकरणो की कही इस विशेष लोक अदालत मे सुलहकर्ता सदस्य अधिवक्ता आमीर खान रहे। शुभारम्भ अवसर पर अधिवक्ता पुष्पेन्द्र बुन्देला, मनीष बाथव के साथ अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पक्षकार गण उपस्थित रहे।



# पिपरिया में पहली बार सट्टा के खाईबाज को किया गया गिरफ्तार, पुलिस की प्रशंसनीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार लगभग 3 वर्ष से सट्टा बाजार में पैर जमाएं बैठे युवा खाइबाज जो आनलाइन आफलाइन मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा का गेम खिला रहे लोगों पर इस बार स्टेशन रोड थाना प्रभारी मदन पवार ने अपराधियों पर सीधे अटैक करते हुए, मौके पर प्रूफ के साथ पकड़ा जिनमें मुख्य रुप से 3 लोगो पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

### इनपर हुई कार्यवाही

इतवारा बजार विश्वकर्मा मंदिर के सामने सट्टा लिखते हुए हरभजन नाथ प्रकाश दुबे एवं सट्टा खाईबाज अंकित कुचबंदिया पिता संतोष कुचबंदिया अकेले को ही गिरफ्तार किया ,साथ ही उससे 1500 रुपए एवं पर्ची लिखने की सामग्री जप्त की।

दूसरे आरोपी सोनू मकोड़ी के पास 10 लीटर अवैध शराब जब्त कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफतार कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।

### अब आगे कार्रवाई होगी या नही ?

अब चर्चा यह है की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी या लोहिया वार्ड में दिव्यांग सट्टा खाईबाज शहंशाह पर मेहरबानी की तरह अन्य सभी को बख्शा जाएगा। हालांकि अभी कुछ दिन पहले सफेद पावडर का कारोबार करते हुए एक महिला को सांवरिया कालोनी बीजनवाडा पंचायत में पकड़ा गया था, लेकिन गांजे का कारोबार प्रभावित नहीं हुआ है। इस विषय में थाना प्रभारी मदन पवार ने बताया कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल भैया का सीहोर आगमन हुआ। अजय सिंह राहुल भैया का नगर आगमन पर मुख्य उद्देश्य कांग्रेस के वरिष्ठजनों के निवास पहुंचकर उनकी कुशलक्षेम जानना था। स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने क्षेत्र के प्रमुख नागरिकों और कांग्रेस नेताओं के निवास पर जाकर व्यक्तिगत भेंट की, तत्पश्चात सुबह 10:30 बजे राजेश भुरा यादव के निवास पहुंचे, सुबह 11 बजे ओमदीप राठौर के निवास पर पहुंचे और उनकी कुशलक्षेम जानी, सुबह 11:15 बजे कलीमुद्दीन कुरैशी के निवास पर पहुंचकर चर्चा की।

### 24 जुलाई को दिया जाएगा गार्ड ऑफ ऑनर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 24 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे सीहोर स्थित शहीद कुँवर चैनसिंह स्मारक दशहरा मैदान पर अमर शहीद कुंवर चैनसिंह व उनके साथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। हर वर्ष 24 जुलाई को अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह में शहीद हुए वीर कुँवर चैनसिंह व उनके साथियों को शासन की ओर से श्रद्धांजलि व गार्ड आफ ऑनर दिया जाता है।

## सड़क विकास निगम, नगर परिषद तथा सीएम राइज़ प्रबंधन के बीच जारी चिट्ठी का खेल

# स्टेट हाईवे से जल निकासी व्यवस्था बनाने को लेकर गंभीर नहीं प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

**सोहागपुर शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने जल भराव की समस्या का समाधान कुछ दिन पूर्व होता नजर आया था। जब नप ने रोड सोल्डर का सीमेंट से पुराव किया था। लेकिन पानी निकासी को लेकर शेष विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। एवं चिट्ठी चिट्ठी का खेल वर्ष 2024 से जारी है।**

सोहागपुर शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने जल भराव की समस्या हे, मामले में हरिभूमि ने दो-तीन दिन पड़ताल की। तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2024 से लेकर अब तक सोहागपुर नप ने कभी मप्र सड़क विकास निगम संभागीय प्रबंधक को तो कभी सीएम राइज़ स्कूल प्रबंधन को समस्या निराकरण के लिए पत्र लिखे। वहीं नप ने कलेक्टर को भी पत्र लिखकर निराकरण की अपेक्षा की। जवाब में मप्र सड़क विकास निगम ने समस्या स्थल के आसपास के नागरिकों पर समस्या का ठीकरा फोड़ा और कलेक्टर को अप्रैल 2024 में लिखे गए पत्र में उल्लेख किया कि सड़क किनारे लोगों ने मिट्टी पुराव कर सड़क शोल्डर ऊंचा कर दिया गया। जिसके कारण पानी निकासी अवरुद्ध है। नप ने जुलाई 2024 में नर्मदापुरम कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया कि समस्या स्थल से लेकर लोनिवि रेस्ट हाउस के समीप तक नाली निर्माण स्वीकृत है। लेकिन इसमें एक भूमिस्वामी द्वारा आपत्ति दर्ज कराई है। सीएम राइज़ स्कूल प्राचार्य ने नवंबर 2024 में पीआईयू संभागीय परियोजना यंत्री को पत्र लिख अवगत कराया कि स्कूल के पानी की निकासी का ढलान पश्चिम में है। लेकिन ढलान पर बने कच्चे नाले के पुराव से स्कूल के निर्माणाधीन भवन परिसर में पानी जमा हो रहा है।



स्पष्ट है कि संबंधित विभागों द्वारा एक दूसरे को पत्र लिखे जा रहे हैं, लेकिन समस्या समाधान को लेकर कोई भी गंभीर नहीं है।

### बना जानलेवा पॉइंट

मामले में नागरिकों का कहना है कि स्टेट हाईवे पर जल भराव स्थल जानलेवा पाइंट बन चुका है। जहां तीन जुलाई 2026 को सड़क दुर्घटना में एक ग्रामीण की मृत्यु हो चुकी है। इसके पूर्व भी यहां जानलेवा दुर्घटनाएं हुई हैं। स्टेट हाईवे पर भरे पानी में छिपे गड्ढों में गिरकर लोग चोटिल हो चुके हैं। जानलेवा पॉइंट बना यह स्थल भविष्य में और घातक सिद्ध हो सकता है। अतः आवश्यक है कि प्रशासन इस दिशा में अनिवार्य कार्रवाई कर समस्या का समाधान करे।

### प्रस्ताव को स्वीकृति की प्रतीक्षा

मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम सूत्रों ने बताया कि जून 2026 में निगम की ओर से मप्र शासन को सोहागपुर के उक्त स्थल पर स्टेट हाईवे को ऊंचा करने तथा सीमेंट रोड बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। 1.3 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत का प्रस्ताव में उल्लेख है। लेकिन अभी तक शासन स्तर से सड़क को ऊंचाकर सीमेंट रोड बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल सकी है। और लोगों में डर है कि आगामी दिनों में यदि तीव्र बारिश होती है तो पुनः सड़क पर गड्ढे बनेंगे और दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

# शत-प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग का आंदोलन जारी, जलाया पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

समर्थन मूल्य पर शत-प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग का कांग्रेस का 'गांव-गांव पुतला दहन' आंदोलन गति पकड़ रहा है। इस क्रम में शनिवार को शहर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला स्टेट हाईवे पर आग के हवाले किया।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री का जलाया पुतला

कांग्रेस नेताओं से प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर शहर के मुख्य बाजार चौक पर किसान कांग्रेस के बैनर तले एकत्रित हुए किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। यह विरोध प्रदर्शन किसान नेता पुष्पराज सिंह पटेल एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबू चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित किया गया। पुतला दहन दौरान किसान नेताओं ने कहा कि सरकार की वर्तमान नीतियां किसान विरोधी हैं। मूंग की पूरी फसल ना खरीदने से अन्नदाता आर्थिक संकट से जूझ रहा है। नेताओं ने चेतावनी दी व कहा कि जब तक सरकार किसानों की शत-प्रतिशत मूंग खरीदी की मांग स्वीकार नहीं करती है, तब तक गांव-गांव पुतला दहन का सिलसिला जारी रहेगा।

### कांग्रेस कार्यकर्ता रहे उपस्थिति

इस दौरान सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष इरफान खान, नगर अध्यक्ष किसान कांग्रेस गणेश अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष फ़ग़ूराम अहिरवार, ऋषभ दीक्षित, राकेश चौधरी, नीरज चौधरी, आकाश बमोरिया, प्रांजल तिवारी, अर्पित तिवारी, देवांक सराठे, अंकित पटेल, सचिन श्रोती, योगेश, शहीद खान सहित कांग्रेसी व पीड़ित किसान उपस्थित थे।

# गोशाला की शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर की सीमा से लगकर सिद्ध महाराज क्षेत्र है। जिसके समीप स्थित सिटियागोहना गोशाला की लगभग 16 एकड़ सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है एवं मजार निर्माण किया गया है। उक्त समस्या के संबंध में गत सकल हिंदू समाज सोहागपुर व सोहागपुर नागरिक संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिवस सोहागपुर एसडीएम से भेंट कर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से आग्रह किया कि गौशाला की संपूर्ण शासकीय भूमि का राजस्व अभिलेख अनुसार सीमांकन कराया जाए तथा यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाता है, तो उसे विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल क्षेत्रवासियों ने कहा कि शासकीय भूमि का संरक्षण व उसका वैधानिक उपयोग सुनिश्चित किया जाना जनहित एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण विषय है।

### दिया आश्वासन

नागरिकों को एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने आश्वस्त किया कि संपूर्ण 16 एकड़ भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर परीक्षण एवं सीमांकन कराया जाएगा। जांच में यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि जन सहयोग होता है तो शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्तकर यहां वृहद स्तर पर पौधारोपण भी किया जा सकता है। नागरिकों के अनुसार चूंकि भूमि गौशाला से लगी है, अतः भूमि की फेंसिंग कर इसका जुड़ाव गौशाला से किया जाए।

### लीनेश क्लब ने किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प



**सोहागपुर।** लीनेश क्लब द्वारा समय-समय पर रचनात्मक तथा अनुकरणीय कार्य किए जाते हैं। इसी क्रम में शनिवार को रघुवंशी वेयरहाउस करनपुर के परिसर में सोहागपुर लीनेश क्लब सोहागपुर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान परिसर में छायादार तथा फलदार प्रजाति के पौधे रोपे गए। एवं संकल्प लिया गया कि लीनेश क्लब के सिद्धांतों एवं गाइडलाइन के अनुसार बरसात के मौसम में विभिन्न स्थलों पर पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की जाएगी। इस दौरान क्लब अध्यक्ष नंदनी साहू, सचिव शालिनी चौहान, कोषाध्यक्ष मंजू दुबे, संगीता खनूजा, कल्पना रघुवंशी, तरुणा माहेश्वरी, क्षमा दीवान, अनीता चौधरी, ममता तेहरिया व अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# स्टेट हाईवे से लगे निजी स्कूलों के एक साथ होते अवकाश समय, प्रशासन से अंतर की दरकार

## एकदम से वाहन निकलने से बढ़ता यातायात दबाव, बना दुर्घटनाओं का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे से लगे निजी स्कूलों में नियमित होते अवकाश समय में अंतर की दरकार है। एक ही समय स्कूलों के अवकाश होते हैं। एवं यातायात के अति दबाव के कारण दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। गत दिनों नर्मदापुरम मार्ग स्थित शंकर मंदिर के समीप दुर्घटना होते होते बची है। प्रत्यक्षदर्शी अधिवक्ता प्रांजल तिवारी ने बताया कि शंकर मंदिर के समीप एक निजी स्कूल है। जिसके अवकाश के बाद दो बच्चे पैदल ही घर की ओर आ रहे थे। जिनके साथ दुर्घटना होते-होते बची। तिवारी के अनुसार आसपास अन्य स्कूल भी हैं। जिनके अवकाश भी दोपहर में दो बजे से 2:15 बजे के बीच होते हैं।



शंकर मंदिर के समीप स्थित स्कूल के दो बच्चे पैदल घर जा रहे थे व सड़क पर अत्यधिक यातायात था। बच्चे किसी भारी वाहन की चपेट में आते-आते बचे। समय रहते यदि नागरिक बच्चों को सड़क के किनारे की ओर नहीं खींचते दुर्घटना हो सकती थी। प्रांजल तिवारी ने बताया कि स्कूलों का अवकाश लगभग एक ही समय होता है। इस दौरान बच्चों को लेने आने वाले अभिभावकों की संख्या भी बहुत रहती है। वहीं ऑटो या वैन वाहनों से भी बच्चे आते-जाते हैं। अधिवक्ता प्रांजल तिवारी सहित नागरिकों एवं अभिभावकों ने कहा कि मामले में शिक्षा अधिकारियों व एसडीएम को स्कूल संचालकों के साथ बैठककर स्कूलों के अवकाश के समय में अंतर तय करना चाहिए।

# जन्मदिवस पर जनसेवा को समर्पित विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने अपने जन्मदिवस को उत्सव के बजाय जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर सेवा कार्य किए। जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने मरीजों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों के बीच समय बिताकर सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। जन्मदिवस के अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय, सिवनी मालवा पहुंचे, जहां उन्होंने उपचाररत मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मरीजों और उनके परिजनों से आत्मीय संवाद करते हुए विधायक



वर्मा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर मन को आत्मिक संतोष और शांति प्रदान करते हैं तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का एहसास कराते हैं। इसके पश्चात विधायक प्रेमशंकर वर्मा बानापुरा स्थित अंत्योदय लोकसेवा संस्थान वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, ऐसे प्रेरणादायी क्षण जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

### जनसेवा को बताया जीवन का सच्चा उद्देश्य

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि जन्मदिन का वास्तविक उत्सव तभी सार्थक होता है, जब समाज के जरूरतमंद लोगों के बीच खुशियां बांटी जाएं और सेवा का भाव जीवन का हिस्सा बने। उन्होंने जन्मदिवस पर मिली शुभकामनाओं, स्नेह और आशीर्वाद के लिए क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा ही जीवन का सच्चा उद्देश्य है।

## पावर बीआई के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

# सिवनी मालवा के अनमोल ने फिर बढ़ाया क्षेत्र का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

नगर के लिए गौरव की बात है कि डॉ. सुरेंद्र कुमार मालवीय एवं सुषमा मालवीय के सुपुत्र अनमोल मालवीय को विश्व की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट द्वारा लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित Microsoft Most Valuable Professional (MVP) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें वर्ष 2026 में Power BI तकनीकी क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पुनः इस सम्मान के लिए चुना गया है। अनमोल को पहली बार वर्ष 2025 में Microsoft MVP अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। अब लगातार दूसरे वर्ष इस उपलब्धि को हासिल कर उन्होंने सिवनी मालवा



और मध्यप्रदेश का नाम तकनीकी क्षेत्र में गौरवान्वित किया है। Microsoft MVP अवॉर्ड विश्वभर के उन चुनिंदा तकनीकी विशेषज्ञों और कम्युनिटी लीडर्स को प्रदान किया जाता है, जो अपने तकनीकी ज्ञान, अनुभव और विशेषज्ञता को लगातार समुदाय के साथ साझा करते हुए तकनीकी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

अनमोल पिछले कई वर्षों से Data Analytics, Power BI और Microsoft Fabric के क्षेत्र में सक्रिय हैं। तकनीकी ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से वे अब तक 100 से अधिक तकनीकी ब्लॉग लिख चुके हैं और 300 से अधिक तकनीकी वीडियो के माध्यम से अपना ज्ञान साझा कर चुके हैं। प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म LinkedIn पर भी उनके साथ 15 हजार से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही अनमोल तकनीकी समुदाय के निर्माण और युवाओं को सीखने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी सक्रिय हैं। वे डेटा प्रोफेशनल्स, विद्यार्थियों और तकनीकी विशेषज्ञों को एक मंच पर जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस कम्युनिटी से 500 से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं और इसके माध्यम से तकनीकी सत्रों, कार्यक्रमों एवं ज्ञान-साझाकरण गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। लगातार दूसरी बार Microsoft MVP सम्मान मिलने पर अनमोल मालवीय ने कहा, "यह सम्मान मेरे लिए बेहद खास है। सिवनी मालवा से अपनी यात्रा शुरू करके वैश्विक तकनीकी समुदाय में योगदान देना मेरे लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि में मेरे माता-पिता, परिवार, मित्रों, सहयोगियों, मार्गदर्शकों और पूरे तकनीकी समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। मेरा प्रयास आगे भी लगातार सीखते रहने और अपने ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों के साथ साझा करने का रहेगा।

# विधालय के पास हो रहा अवैध मछली व्यापार, प्रशासन बेखबर

## प्रजनन काल के कारण मतस्याखेट पर है प्रतिबंध


**इतवारा बजार की बाउंड्री वॉल से लगकर मांस मटन मछली बेची जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र के शासकीय गांधी शाला इतवारा बजार की बाउंड्री वॉल से लगकर अवैध रूप से मांस मटन मछली बेची जा रही है। जबकि शासन द्वारा 15 जून 2026से 15 अगस्त दो माह तक के लिए मछलियों को पकड़ने एवं बैंचने पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन अभी वर्तमान में भी मछलियां इस समय काल में प्रजनन काल में रहती है, जिस कारण से शासन प्रतिवर्ष लगभग दो महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

लेकिन पिपरिया में अवधि में प्रतिबंध के बाबजूद भी मछली का कारोबार करने वाले अपना कारोबार चला रहे हैं। शासकीय पुराने गांधी शाला भवन की दीवार से सटा हुआ मटन बजार लगा हुआ है, जबकि यहां से लगभग 1000 मीटर कि दुरी पर बजार अलग से बना हुआ है। इसी तरह से अंडर ब्रिज के पास भी विद्यालय के पास ही सिलारी ग्राम पंचायत में मुख्य मार्ग पर ही सहित अन्य ग्रामीणों क्षेत्रों में लगातार मछली बेची जा रही है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके कारण मछली बेचे जाने वाले लोगों को बल मिल रहा है, लेकिन देश कू भविष्य बच्चों को सुरक्षित रखने वाले शिक्षकों को भी दबाया जा रहा है, बच्चों को एवं राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप



### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरदा।** जिले के टिमरनी रेलवे स्टेशन के पास एक युवक की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार रात करीब ढाई बजे हुई। मृतक की पहचान रहटगांव निवासी लवकुश गौर के 21 वर्षीय पुत्र युवराज गौर के रूप में हुई है। जीआरपी के अनुसार, युवक खंभा नंबर 683/28 के पास ट्रेन से टकराया था। शुरुआती तौर पर मृतक की उम्र 30 से 35 साल के बीच बताई जा रही थी। युवराज गौर दो दिनों से लापता था और वह रहटगांव के एक कपड़ा व्यापारी का पुत्र था। पुलिस को आशंका है कि युवक ने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या की है। जीआरपी इस मामले की जांच कर रही है। शव को टिमरनी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है।

### अवैध मदिरा के विरूद्ध 7 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा शहर के पीलियाखाल, इमलीपुरा, सकूर कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 32, दूध डेयरी मोहल्ला, बंगाली कॉलोनी मे दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 21 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 480 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किये गए। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 52 हजार 200 रूपये है।

### 21 प्रकरणों का निराकरण, 56 लाख 60 हजार के अवार्ड पारित


**हरदा।** शनिवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा जिला न्यायालय, व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी, जिला हरदा में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 की धारा-138 के अंतर्गत मामलों के निपटारे के लिए जिले में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत के प्रभावी संचालन हेतु जिले में कुल 4 खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिनमें से 2 खण्डपीठ जिला मुख्यालय और 01-01 व्यवहार न्यायालय टिमरनी एवं व्यवहार न्यायालय खिरकिया में गठित की गई। विशेष लोक अदालत में धारा-138 एन.आई. एक्ट के कुल 26 लंबित प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे। पक्षकारों की आपसी सहमति और समझौते के आधार पर कुल 21 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया तथा कुल राशि रूपये 56,60,130/- (छप्पन लाख साठ हजार एक सौ तीस रूपये मात्र ) के अवार्ड पारित किए गए।

### लगा स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर

**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया। शिविर में युवाओं की बीपी, बीएमआई सहित अन्य जांचें की गई। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कर तनाव, अवसाद एवं अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक पहचान की गई।

## 650 विद्यार्थियों ने लिया तंबाकू मुक्त जीवन का संकल्प

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारियों का कारण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) हरदा शाखा द्वारा संचालित प्रोजेक्ट नवचेतना राइज़ अबव टोबैको के तहत शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हरदा में तंबाकू जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के दौरान कक्षा 9वीं से 12वीं तक के करीब 650 विद्यार्थियों को तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को बताया कि तंबाकू का सेवन कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों तथा कई अन्य जानलेवा रोगों का प्रमुख कारण है। साथ ही युवाओं से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों से दूर रहें और अपने परिवार एवं समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष यादव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर आईडीए हरदा शाखा के चिकित्सकों ने स्वैच्छिक सेवा देते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। अभियान में आईडीए हरदा शाखा की अध्यक्ष डॉ. मेधा भुस्कुटे, मानद सचिव डॉ. विपुल बांगड़, डॉ. राहुल अग्रवाल (टीआईआई विशेषज्ञ), डॉ. श्रेया अग्रवाल, डॉ. प्रियेश अग्रवाल, डॉ. समीर शाह एवं डॉ. ऋषभ शुक्ला उपस्थित रहे। आईडीए हरदा शाखा के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोजेक्ट नवचेतना के अंतर्गत आगामी महीनों में जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी तंबाकू जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को नशामुक्त एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया जा सके।

### नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक




रहटगांव। नशे से दूरी है ज़रूरी जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को एसडीओपी कार्यालय टिमरनी में उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) टिमरनी एवं थाना प्रभारी टिमरनी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों तथा इससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार, हरदा के जिला संयोजक प्रेम नारायण गौर एवं अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता की। उन्होंने युवाओं को नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच और संयमित जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण युवाओं की जागरूकता और सहभागिता से ही संभव है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया। हरदा पुलिस ने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी मादक पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय या सेवन की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि नशामुक्त और सुरक्षित समाज के निर्माण में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## निशुल्क रोग परामर्श शिविर आयोजित

# मरीजों की जांच कर पेट व लिवर की बीमारियों की रोकथाम की सीख दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लायंस क्लब हरदा एवं मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को निशुल्क पेट एवं लिवर रोग परामर्श शिविर एवं फाइब्रोस्कैन जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं जांच का लाभ उठाया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल, इंदौर के गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अरुण सिंह भदौरिया ने मरीजों की जांच कर उन्हें पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियों की रोकथाम, समय पर जांच, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। आवश्यकता अनुसार मरीजों को उपचार एवं आगे की जांच के लिए भी परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में कमलेश पाठक, डॉ. प्रेरणा अग्रवाल, लायंस क्लब हरदा के अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ विश्वास, सचिव नवीन राठौर, कोषाध्यक्ष अभय अग्रवाल सहित क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान मरीजों की फाइब्रोस्कैन जांच भी की गई, जिससे लिवर संबंधी रोगों की प्रारंभिक पहचान में सहायता मिली। लायंस क्लब हरदा के पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब समाज के स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के लिए समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन करता रहा है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अंजू भायरे, लायन सुनील बागरे, सह सचिव निमेष शाह, पंकज शर्मा, सुनीता बागरे, सावित्री विश्वास, दिनेश मिश्रा, शुभम बंसल, श्रीमती सीनू बंसल, उत्तम सिंह चौहान, अनूप बंसल एवं कीर्ति पाटनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### किसान पंजीयन में एग्रीस्टेक आईडी जरूरी

**सीहोर।** समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन अब एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए किसानों की भूमि, फसल एवं रकबे की जानकारी भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल से प्राप्त की जाएगी, इसलिए प्रत्येक किसान के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कर एग्रीस्टेक आईडी बनवाना आवश्यक है।

### ज्वाइंट सेक्रेटरी और डिप्टी सेक्रेटरी ने किया आरसेटी का निरीक्षण

**सीहोर।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी एस शशिकुमार और डिप्टी सेक्रेटरी राम चंदर द्वारा सीहोर के स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण एवं दिव्यांगजनों के लिए अगरबत्ती मेकिंग के प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा की और प्रशिक्षण के महत्व एवं संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

## साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# डिजिटल न्याय वितरण को लेकर पैरालीगल वॉलंटियर्स की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शनिवार को पैरालीगल वालंटियर्स के लिए ई-कोर्ट्स सेवाओं, कोर्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम तथा साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वालंटियर्स को न्यायालयों में उपयोग की जा रही आधुनिक डिजिटल सेवाओं, ई-कोर्ट्स परियोजना तथा साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना था, ताकि वे आमजन को डिजिटल न्याय सेवाओं का लाभ दिलाने में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सिस्टम आफिसर प्रकाश घोघरकर द्वारा कोर्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम का परिचय, इसके उद्देश्य तथा सीआईएस 3.2 के प्रमुख फीचर्स का विस्तृत अवलोकन कराया गया। पैरालीगल वॉलेंटियर्स को बताया गया कि किस प्रकार यह प्रणाली न्यायालयीन कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी बनाती है। द्वितीय सत्र में डिजिटल न्याय वितरण में पैरालीगल वालंटियर्स की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ई-फाइलिंग, ई-पे, ई-सम्मन, ई-कोर्ट्स सेवाएं, केस स्टेटस, कॉज लिस्ट सहित अन्य डिजिटल सुविधाओं के उपयोग एवं उनके माध्यम से आम नागरिकों को मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की गई। तृतीय सत्र में असिस्टेंट अनिल गहलोद द्वारा ई-कोर्ट्स मोबाइल ऐप एवं सिटीजन सर्विसेज पोर्टल का लाइव प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों को मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से केस की जानकारी प्राप्त करने, कॉज लिस्ट देखने तथा अन्य ऑनलाइन सुविधाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लाइव प्रैक्टिकल सत्र में पैरालीगल वालेंटियर्स ने स्वयं इन सेवाओं का उपयोग कर डिजिटल न्याय प्रणाली की कार्यप्रणाली को समझा। चतुर्थ सत्र में आई.टी. असिस्टेंट प्रशांत मालवीय द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान फिशिंग, सोशल मीडिया स्कैम, आइडेंटिटी थेफ्ट, मैलवेयर एवं रैनसमवेयर जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विशेष प्रकाश डाला गया। अंतिम सत्र में आरक्षक सायबर सेल लोकेश सतपुते द्वारा सायबर हाइजीन एवं सुरक्षित डिजिटल अभ्यास विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को मजबूत पासवर्ड बनाने, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन अपनाने, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, डेटा प्राइवेसी बनाए रखने तथा सायबर अपराध होने की स्थिति में राष्ट्रीय सायबर हेल्पलाइन 1930 एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पैरालीगल वालंटियर्स ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को ई-कोर्ट्स सेवाओं तथा साइबर सुरक्षा के प्रति अधिक प्रभावी ढंग से जागरूक कर सकेंगे।



## नीट में आयुषी का शानदार प्रदर्शन

# ऑल इंडिया रैंक 657 हासिल कर जिले का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



प्रतिभा, कठिन परिश्रम और निरंतर अनुशासन का परिणाम तब दिखाई देता है, जब कोई विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में अपनी अलग पहचान बनाता है। हरदा की होनहार छात्रा आयुषी शर्मा ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में 720 में से 666 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 657 तथा जनरल कैटेगरी रैंक 402 हासिल की है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे हरदा जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है।

आयुषी शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हरदा के माँ शारदा विद्या पीठ हरदा से प्राप्त की। मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी उन्होंने इंदौर से एक कोचिंग सेंटर में की। कठिन मेहनत, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने यह शानदार सफलता अर्जित की। आयुषी के पिता मनोज शर्मा, जो पेशे से शिक्षक हैं, ने बताया कि बेटी बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित रही है। परिवार ने हमेशा उसे बेहतर शिक्षा और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया, जिसका परिणाम आज पूरे जिले के सामने है। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल उनकी बेटी की नहीं, बल्कि हर उस विद्यार्थी के लिए प्रेरणा है जो लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से मेहनत करता है। आयुषी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और कोचिंग के मार्गदर्शकों को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, समय का सही प्रबंधन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं।

उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे निरंतर अभ्यास करें और असफलताओं से निराश होने के बजाय उन्हें सीख के रूप में स्वीकार करें।

### रात्रि विश्राम के बाद मंदिर लौटे भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलदाऊ

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से पुरी की तर्ज पर भव्य रथ यात्रा निकाली गई थी, वहीं शुक्रवार की दोपहर को रात्रि विश्राम के बाद लौटने पर भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर परमार समाज की ओर से पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह अध्यक्ष भंवर लाल परमार, सुरेश परमार गब्बर, शिव परमार, जेपी परमार, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, हरीश परमार, देव नारायण परमार, मुकेश परमार, महेन्द्र पटेल, प्रहलाद पटेल, भेरू सिंह परमार, शेर सिंह परमार प्रेम सिंह परमार, मांगीलाल, लखन परमार, विक्रम परमार, अवधेश परमार, अनार सिंह, भगीरथ परमार कमल पटेल, भगवान सिंह परमार, दशरथ सिंह परमार, मनोहर परमार, लक्ष्मी नारायण, रुप सिंह आदि मौजूद थे। शुक्रवार को दोपहर जब समाजजन भगवान को लेने पहुंचे थे। यहां पर आस्था और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, जिला संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, मंदिर के पुजारी रघुनंदन व्यास, रोहित व्यास जिन्होंने पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर में भगवान को विराजमान किया। शुक्रवार की दोपहर में शहर के छावनी स्थित स्वर्णकार समाज के स्थित मंदिर से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलदाऊ का विशेष श्रृंगार आदि करने के पश्चात श्रद्धालुओं के द्वारा लाया गया था। पंडितों के द्वारा भगवान की पूजा अर्चना की गई। स्वर्णकार समाज के सतीश सोनी, जितेन्द्र सोनी, पंडित कुणाल व्यास आदि मौजूद रहे।

## डाइट बागरुल में तीन दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण संपन्न

# एनईपी-2020 के अनुरूप पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, खेल आधारित अधिगम व शाला तत्परता पर शिक्षकों को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

यूनिसेफ के सहयोग से सत्र 2026-27 हेतु पूर्व-प्राथमिक शिक्षा (ईसीसीई-अर्ली चाइल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन) विषय पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), बागरुल में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ।

प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न सीएम राइज विद्यालयों, मॉडल स्कूलों एवं बाल वाटिकाओं से जुड़े शिक्षकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के समग्र विकास, खेल-आधारित शिक्षण, गतिविधि आधारित अधिगम, भाषा एवं संज्ञानात्मक विकास तथा बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर अर्चना भैंसारे एवं नीरज बिल्लौरे द्वारा किया गया। प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट लेकर ईसीसीई की अवधारणा, उद्देश्य एवं अधिगम-विकास के पाँच डोमेन पर चर्चा की गई। द्वितीय दिवस पर विभिन्न गतिविधियों, समूह कार्य, कहानी, गीत एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं अंतिम दिवस पर शाला तत्परता (स्कूल रेडीनेस), विद्यालय तैयारी मॉड्यूल, होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड तथा बढ़ते कदम ट्रैकर पर बच्चों की प्रविष्टि एवं समग्र मूल्यांकन की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों से फीडबैक प्राप्त किया गया। शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं व्यवहारिक बताते हुए कहा कि इससे प्राप्त ज्ञान का उपयोग विद्यालयों एवं बाल वाटिकाओं में बच्चों के समग्र विकास तथा गुणवत्तापूर्ण पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को प्रभावी बनाने में किया जाएगा। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में ईसीसीई की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा प्रशिक्षित शिक्षक प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को अधिक सुदृढ़, आनंददायक एवं बाल-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।




## 20 लाख की लागत से बनने वाले सुलभ शौचालय का भूमिपूजन

# लोगों को स्वच्छ व सुविधाजनक वातावरण होगा उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर के प्रमुख तहसील चौराहा क्षेत्र में आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सुलभ शौचालय का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि तहसील चौराहा शहर का अत्यंत व्यस्त क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, राहगीर एवं आम नागरिक आते-जाते हैं। लंबे समय से यहां सार्वजनिक शौचालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से स्थानीय व्यापारियों, आसपास के रहवासियों तथा आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और स्वच्छ एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर पालिका का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर और सम्मानजनक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 29 के पार्षद प्रतिनिधि सत्यनारायण वारिया, पार्षद मुकेश मेवाड़ा, कमलेश राठौर, इरशाद पहलवान, लोकेंद्र वर्मा, इरफान कुरैशी, मांगू दादा, नरेंद्र राजपूत, मजीद भाई सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नागरिकों को पानी के नाम पर धीमा जहर बांट रही है नगर पालिका : शमीम अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जबलपुर हाईकोर्ट ने शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं करने को लेकर कलेक्टर सीहोर और नगर पालिका सीएमओ को कड़ी फटकार लगाई है। कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद शमीम अहमद द्वारा लगाई गई जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने सीहोर नगर पालिका परिषद अंतर्गत आने वाले कहिरी फिल्टर प्लांट को पुनः चालू करने, शहर में अंडरग्राउंड जर्जर पाइपलाइन नेटवर्क को पूरा बदलने, जल शुद्धिकरण रसायनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाने और नागरिकों के जीवन एवं स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए हैं।

जनहित को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता शमीम अहमद द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। अहमद ने हाई कोर्ट में लगाई जनहित याचिका के बाद हाई कोर्ट के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य, सचिव, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, आयुक्त, नगरीय प्रशासन, भोपाल संभाग कलेक्टर, जिला सीहोर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सीहोर और कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला सीहोर को जारी किए गए नोटिस की जानकारी दी। कांग्रेस नेता अहमद ने बताया कि कई वर्षों से नागरिकों को पार्वती नदी का अत्यधिक प्रदूषित एवं बिना शुद्ध किया हुआ पानी सीधे घरों तक पहुंचाया जा रहा है।